संख्या-5/2015/5193/52-1-2015-25(एम0एस0डी0पी0)/13-।

प्रेषक,

सूर्य कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 14 जनवरी, 2015

विषय- 11वीं पंचवर्षीय योजना में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद पीलीभीत में 01 राजकीय इण्टर कालेज, शेर मोहम्मद के भवन निर्माण की लागत वृद्धि की धनराशि रू0 104.34 लाख अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-123/52-1-2011-1(2)/11, दिनांक 28.02.2011 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद पीलीभीत में 01 राजकीय इण्टर कालेज, शेर मोहम्मद के भवन निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इकाई लागत रू0 181.59 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त की केन्द्रांश की धनराशि रू0 68.10 लाख जारी करते हुए प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग को प्रेषित करते हुए उनसे मामले में उक्त के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि रू0 22.69875 लाख अवमुक्त किये जाने के आदेश दिये गये थे। इसी क्रम में शासनादेश दिनांक 15.02.2013 के माध्यम से द्वितीय किश्त के रूप में रू0 90.795 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ, लि0 लखनऊ द्वारा रू0 297.39 लाख का पुनरीक्षित आंगणन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 03.11.2014 में उक्त कार्य हेतु लागत वृद्धि के बारे में समिति द्वारा विचार करते हुए रू0 285.93 लाख की इकाई लागत अनुमोदित की गयी है।

3- अतएव जनपद पीलीभीत में 01 राजकीय इण्टर कालेज, शेर मोहम्मद के भवन निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इकाई लागत रू0 181.59 लाख के सापेक्ष वित्त व्यय समिति द्वारा अनुमोदित इकाई लागत रू0 285.93 लाख में हुई लागत वृद्धि रू0 1,04,34,000/-(रू0 एक करोड़ चार लाख चौंतीस हजार मात्र) कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ, लि0 लखनऊ को प्रदान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्राविधानित बजट रू0 7820.00 लाख के सापेक्ष उपलब्ध बजट रू0 4010.49 लाख में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की श्री राज्यपाल महोदय स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- प्रश्नगत धनराशि जनपद पीलीभीत में 01 राजकीय इण्टर कालेज, शेर मोहम्मद के भवन निर्माण हेतु व्यय की जायेगी।

--2--

5- प्रश्नगत धनराशि अनुमोदित कार्यमदों पर ही व्यय की जायेगी तथा धनराशि के माध्यम से पीलीभीत में 01 राजकीय इण्टर कालेज, शेर मोहम्मद के भवन निर्माण का कार्य कराया जाना कार्यदायी संस्था का पूर्ण दायित्व होगा।

6- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय- 01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-**0109-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों का भवन निर्माण/अतिरिक्त कक्षा-कक्षों/जर्जर भवनों का निर्माण (के0 75/रा0 25-के0+रा0)**-24-वृहद निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-बी0-1-2457/दस-2014-231/2014, दि022-07-2014 में निहित प्राविधानों के अनुसार जारी किया जा रहा है।

8- शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

भवदीय,

(सूर्य कुमार)
अनु सचिव।

संख्या- (1)/बावन-1-2015तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक, **उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ, लि0 लखनऊ ।**
8- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, पीलीभीत ।
10- वित्त(आय-व्ययक)अनु0-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।
11- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट

http://shiksha.up.nic.in

पर अपलोड करने का कष्ट करें।

12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सूर्य कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in